देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चतुर्थ श्रेणी के 2 हजार 364 रिक्त पदों पर भर्ती में देरी पर नाराजगी जताई। शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।
- पौड़ी जिले के स्थानीय पशुपालक, एसएसबी के केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र, श्रीनगर गढ़वाल को मांस आपूर्ति करेंगे।
- चमोली जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोपेश्वर में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।
- गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में आज राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जा रहा है।

## चतुर्थ श्रेणी भर्ती

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों और विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की लम्बित भर्ती प्रक्रिया को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने भर्ती में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शीघ्र प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक में डॉ. रावत ने अधिकारियों को विभागीय स्तर पर एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये, ताकि चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के लिये ठोस सेवा शर्तें तैयार किये जा सकें। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को प्रयाग पोर्टल और कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने को भी कहा, ताकि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गतिरोध पैदा न हो। विभागीय मंत्री के निर्देश पर चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिये शासन पर से विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है। इसमें अधिकारियों को समिति गठित करने व कार्मिकों की सेवा शर्तें तय करने के ठोस निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही एक सप्ताह के भीतर प्रयाग पोर्टल पर अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करने को भी कहा गया है।

गौरतलब है कि विद्यालयी शिक्षा विभाग में आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी के 2 हजार 364 रिक्त पदों पर कार्मिकों की भर्ती होनी है।

पशुपालन विभाग

पौड़ी जिले में पशुपालन विभाग की ओर से स्थानीय उत्पादों के लिए संस्थागत स्तर पर सुनिश्चित बाजार व्यवस्था विकसित की गयी है। इसके लिए मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा और सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी के केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र, श्रीनगर गढ़वाल के उप महानिदेशक के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत अब एसएसबी के केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र को भेड़, बकरी, पोल्ट्री और मांस उत्पादों की आपूर्ति स्थानीय पशुपालक करेंगे। इसके अलावा जनपदीय मत्स्य प्रभारी द्वारा मछली आपूर्ति के लिए अलग से अनुबंध किया गया है, जिससे मत्स्य पालकों को भी इस अभिनव व्यवस्था से सीधे तौर पर जोड़ा गया है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने इस समझौता को आत्मनिर्भर भारत अभियान और वाइब्रेंट विलेज योजना की भावना के अनुरूप एक प्रभावी मॉडल बताया है। स्थानीय स्तर पर उत्पादन और उपभोग की इस व्यवस्था से परिवहन लागत में कमी आएगी, पर्यावरणीय प्रभाव घटेगा तथा क्षेत्रीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस सहयोग को और विस्तार दिया जाएगा, ताकि अन्य स्थानीय उत्पादों को भी इस प्रणाली से जोड़ा जा सके। यह पहल सुरक्षा बलों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही नागरिक तंत्र और स्थानीय उत्पादकों के बीच सहयोग का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह अभिनव प्रयास न केवल ग्रामीण आजीविका को नया आधार देगा, बल्कि पौड़ी गढ़वाल को स्थानीय उत्पादन आधारित आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

मूर्ति अनावरण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी स्थित अटल उद्यान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अटल जी का मसूरी से विशेष लगाव रहा है और उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने में उनका योगदान ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि अटल जी के विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर श्री जोशी ने अटल उद्यान में पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने और पॉली हाउस निर्माण की घोषणा भी की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों और मूल्यों के मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़ाया जा सकता है।

कौशल विकास प्रशिक्षण

केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से चमोली जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोपेश्वर में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 85 छात्राओं को पारंपरिक हस्तशिल्प और लोककला का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य ललित मोहन बिष्ट ने बताया

कि मास्टर ट्रेनरों ने छात्राओं को उत्तराखंड की प्रसिद्ध ऐपण कला, विश्व धरोहर मुखौटा नृत्य के मुखौटे बनाना, रिंगाल से बनी वस्तुएं, कालीन, दन और स्वेटर बनाने का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को पारंपरिक कलाओं से जोड़कर उन्हें भविष्य में स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

राष्ट्रीय गणित दिवस

आज राष्ट्रीय गणित दिवस है। यह दिवस भारत के सबसे प्रतिभाशाली और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

सोलर लाइट/नैनीताल

नैनीताल जिले में हल्द्वानी वन प्रभाग जंगल से सटे आबादी वाले इलाक़ों में सोलर लाइट और सोलर फैंसिंग लगवा रहा है। इसके तहत 60 सोलर लाइटें लगाई गई हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ये सौर–ऊर्जा आधारित लाइटें उन क्षेत्रों में लगाई गई हैं, जहां अंधेरे के कारण जंगली जानवरों की मानव बस्तियों की ओर आवाजाही की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा वन प्रभाग ने 11 हजार 750 मीटर नई सोलर फेंसिंग लगाई है। हल्द्वानी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि वन्यजीव से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर यह कार्य किया जा रहा है। उधर, तराई क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल देखते हुए नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि सभी वन प्रभागों को संवेदनशील इलाक़ों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वच्छता/कंट्रोल रूम

हरिद्वार जिले में वृहद स्वच्छता अभियान की सफलता को लेकर शिकायत व समस्या के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके संचालन के लिए कर्मियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई गई है। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने बताया कि मोबाइल नंबर 82–73–37–17–14 पर नागरिक अपने सुझाव के साथ शिकायत भी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस नंबर पर मिली शिकायतों को कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित विभाग को सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता का वृहद अभियान न केवल सीमित समय के लिए है, बल्कि इसे अनवरत जारी रखने के लिए यह प्रयास किया गया है। इसके तहत समय–समय पर वस्तु स्थिति की रिपोर्ट भी मिलती रहेगी। इसके लिए विभागों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है।